Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# 'साल' के पेड़ों के अवैध कटान पर वन महकमा है मौन

**आक्रोश**

## अवैध कटान करने वालो के हौसले हुए बुलंद

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। झूलाघाट कस्बे से मात्र दो किमी दूर मजिरकांडा की सिविल वन पंचायत के जंगल में छोटे साल के वृक्षों के अंधाधुंध अवैध कटान करने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के सलानी वन में पातन के नाम पर छोटे साल के वृक्षों के काटे जाने पर गांव के ग्रमीणों ने खासी नाराजगी जाहिर की है।

बता दें कि अब तक कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी प्रशासन व संबधित महकमें की नीद नही खुल पाई है। पातन के नाम पर बड़े और छोटै वृक्ष काटे जा रहे है। बीते रविवार सांय जंगल से कुछ लोगों को काटे गये पेड़ों की टहनियों को लाते देखा गया। गांव के कुछ लोगों ने जब जंगल में जाकर देखा तो वे हक्के बक्के हो गये। गांव के लोगों ने बताया कि जंगल में काफी तादात में पेड़ कटे हुए है। साल के पेड़ों के काटे जाने का धंधा लंबे समय से यहां पर चल रहा है। साल के इस पेड़ को काटकर लकड़ी का जलौनी के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है। बता दें कि इस घटना पर क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक सिविल वन जिलाधिकारी के अधीन आते है। इस बारे में एक लिखित सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को भी सोमवार को प्रेषित कर दी गई है। गांव के ग्रमीणों ने कहा कि क्षेत्र में साल के पेड़ों पर माफिया लोग अवैध कुल्हाड़ी चलाकर पर्यावरण से छेड़छाड़ कर रहे है। इस बारे मे वन महकमें को भी गांव के सरपंच ने अलग से सूचना भेज दी है। यह जंग वन महकमें के दायरे में आता है।

क्षेत्र के सरपंच ने कहा कि यदि प्रशासन व वन महकमा इन वनों की देखभाल नही कर सकता है तो यह वन पंचायत स्थानीय ग्रमीणों के हवाले कर दिया जाए।

बता दें कि जिस जंगल में साल के पेडों का कटान हो रहा है वहां पर पास में ही एसएसबी कैप और सीमा पर पुलिस चौकी भी नजदीक में ही स्थित है। क्षेत्र के जंगल में लगातार हो रहे छोटे साल के व्रक्षों के अवैध कटान पर गांव के ग्रमीणों ने संबधित महकमें के खिलाफ आक्रोश प्रकट करना शुरू कर दिया है।

वही इस मामले पर तहसीलदार पंकज चदोला ने कहा कि मजिरकांडा के इस जंगल में साल के पेड़ों की अवैध कटान होने की जानकारी हाथ लगी है। यह बेहद गंभीर मामला है। तहसील प्रशासन इस मामले की जांच करेगा। वही दोषियों पर कठोर कारवाही करने की भी बात कही है।

## न्यूज डायरी

### आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्त्रियों को कोरोना वॉरियर्स प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**संवाददाता** डोईवाला। सामाजिक संस्था दृष्टिकोण समिति ने मारखंम ग्रान्ट व डोईवाला क्षेत्र की कई आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्त्रियों को कोरोना वारियर्स प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहित उनियाल ने सभी कोरोना योद्धाओ का धन्यवाद करते हुए कहा कि देश मे कोरोना काल में जब सभी लोग घरों में अपने आप को सुरक्षित रखना चाहते थे तब इन बहनों ने क्षेत्र में लोगो को जागरूक रखने का काम किया व अभी भी मुश्किल परिस्थिति में जनता के बीच मे दिन रात काम कर रही हैं। सभी कोरोना वारियर्स का आभार जताते हुए कहा किअपने और अपने परिवार से अधिक समाज की सोचने वाले लोग ही असल मायने में वारियर्स है।

### मातृशक्तियों के सानिध्य में संपन्न किया गया महायज्ञ

**संवाददाता** देहरादून। भैरव सेना के संकल्प अनुसार शारदीय नवरात्रि में महायज्ञ का तीसरा दिवस उत्तराखंड की सामाजिक कार्यों में अग्रणी मातृ शक्तियों के सानिध्य में संपन्न हुआ। आज के महायज्ञ के मुख्य यजमान केदारनाथ की पूर्व विधायक शैलारानी रावत रही। उनके साथ मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया आनन्द रावत, पूर्व राज्य मंत्री संतोष कश्यप, उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी भावना पांडे, मनीषा रावत तथा रेनू टंडन भी धर्म संस्कृति और परंपराओं को बचाने के प्रयास के लिए किए जा रहे महायज्ञ में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भैरव सेना के अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया की भैंरव सेना ने जप और तप के लिए प्रचलित मल्लमास के माह में जिला देहरादून के घर–घर जाकर प्रति घर एक–एक मुट्ठी हवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की सहभागिता ली थी।

### आकाश इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी गौतम कपूर ने नीट परीक्षा में टॉप स्कोरर बने

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार में आकाश इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी, गौतम कपूर ने नीट 2020 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 109 प्राप्त कर शहर व इंस्टीट्यूट को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 720 अंकों में से 700 अंक प्राप्त किए। नीट देश में प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक है। इसके परिणाम आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। गौतम कपूर को बधाई देते हुए, श्री आकाश चौधरी, डायरेक्टर एवं सीईओ, आकाश एजुकेशनल सर्विसेस लिमिटेड ने कहा, "हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी गौतम कपूर ने नीट 2020 जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसका श्रेय हमारे विद्यार्थी की कड़ी मेहनत, उसके माता–पिता व इंस्ट्रक्टर के सहयोग को जाता है।

## बिना दर्शकों के रामलीला का मंचन प्रतीकात्मक तरीके से हुआ आयोजन



**संवाददाता** पिथौरागढ़। श्रीरामलीला प्रबंधकारणी समिति के तत्वधान में सदर की एक सौ चौबीसवी रामलीला का मंचन प्रारम्भ हो चुका है। बता दें कि इस बार कोविड संक्रमण के चलते रामलीला का आयोजन बिना दर्शकों की मौजूदगी में प्रतीकात्मक तौर पर किया जा रहा है। रामलीला का शुभारम्भ गणेश पूजन के साथ किया गया। पंडित नीरज जोशी ने यजमान त्रिभुवन शाह, पंकज जुकरिया, आशीष पुनेठा, योगेश पांडे के हाथों वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। पहले दिन शिव पार्वती संवाद नारद मोह के बाद राम जन्म तक का मंचन प्रारम्भ हुआ। वही इससे पूर्व मंचन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक चंद्रा पंत व गीता पंत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मंचन में विष्णु की भूमिका में अभिषेक कलखुडिया, नारद का अभिनय पंकज जुकरिया व रावण का अभिनय राकेश साह व शिव की भूमिका विजय कुमार ने निभाई। इस बार जिले में गाइडालन के तहत नियमों के पालनों का ध्यान में रखकर रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

## क्षेत्रवासियों के सम्मान में मयूख महर मैदान में

**संवाददाता** पिथौरागड़। वन विभाग व प्रभागीय अधिकारी वन की घोर लापरवाही व मनमानी एवं हटधर्मिता से खिन्न होकर आज से पूर्व विधायक मयूख महर वन विभाग कार्यालय में निम्न मांगो हेतु अनिश्चित कालीन धरने पर बैठेंगे।



बता दें कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में गुलदार का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आदमखोर गुलदार के हमले से कई लोगों ने अपनी जान गॅवाई है और कई घायल हुए है। इतने के बावजूद भी क्षेत्र और क्षेत्रवासियों पर से खतरा टला नहीं है जिसके कारण अब कमान कांग्रेस के पूर्व विधायक मयूख महर ने संभाली है और प्रशासन के आगे कुछ मांगे रख दी है। उनकी मांग है कि 20 सितंबर को आदमखोर गुलदार द्वारा मारे गए मडे गांव निवासी भूपेंद्र सौन के परिवार को प्रशासन मुआवजा दें। इस दौरान आदमखोर गुलदार द्वारा जगह जगह पर गंभीर रूप से घायल किए गए क्षेत्रवासियों को जायज मुआवजा देने की भी बात कहीं।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में अपना आतंक बनाए हुए आदमखोर गुलदार को शिकारी बुलाकर मारने व जगह जगह पिंजरा लगवाए। साथ ही कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने सभी क्षेत्र के सम्मानित जागरूक लोगो से अनुरोध किया है की मयूख महर के इस संघर्ष में सभी सहभागी बने।

## निगम पर गुपचुप तरीके से घटिया किस्म का निर्माण कार्य करने का आरोप

**संवाददाता**

मुनस्यारी। एक करोड़ 74 लाख रुपये की मुनस्यारी पेयजल की जांच तेज हो गयी है। रविवार को जल निगम व प्रशासन की टीम के साथ पंचायत प्रतिनिधियों,निगरानी कमेटी के सदस्यो ने घपले को धरातल पर देखा। रोक के बाद भी पशुपालन विभाग के निकट फिर एक टंकी का लिंटर डालने से पंचायत प्रतिनिधि बौखला गये। कहा कि निगम के अभियंता ठेकेदार को बचा रहे है।



पेयजल योजना की जांच के लिए यहां पहुंचे निगम के ईई बीके पाल,एई शिवम द्विवेदी के साथ तहसीलदार अबरार अहमद की अध्यक्षता व जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में योजना को लेकर तमाम सवाल पूछे गए। जिपं सदस्य मर्तोलिया ने निगम पर गुपचुप तरीके से घटिया किस्म का निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया। कहा कि निगम ने निर्वाचित प्रतिनिधियों के पत्र व जिला पंचायत सदन की भी अवलेहना की है। निषपक्ष जांच का लिखित आश्वासन मिलने के बाद बैठक में धरातल पर निरीक्षण करने पर सहमति हुई।

योजना के मूल स्रोत पर बनी दीवार टूट गई है। मूलस्रोत व पाइप लाइन के लिए बनी दीवार से निर्माण के दौरान ही सीमेंट उखड़ने लग गया है. जिसे देखकर ईई ने भी घटिया किस्म के निर्माण की बात को स्वीकार किया. कहा कि इस निर्माण की जगह नया निर्माण किया जायेगा। पाइप लाइनों को नियमानुसार दो फिट जमीन में गाढ़ने की बात भी हुई।

ईई पाल ने बताया कि निर्माण सामाग्री की एक जांच तो प्रशासन करवा रहा है. दूसरी जांच निगम करवायेगा.उसके बाद आधुनिक तकनीक की मशीन से धरातल पर पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जांच होगी. ईई पाल ने बताया कि 16 दिन के भीतर जांच रिर्पोट आ जायेगी। ईई पाल ने बताया कि भविष्य में निर्माण सामाग्री की गुणवत्ता की परख के बाद ही उसे उपयोग में लाया जायेगा।

## आखिर कब तक होता रहेगा पेड़ों का कटानः आर्य

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि एक तरफ पर्यावरण संरक्षण के लिये पेड लगाने की मुहिम चलाई जाती है लोगों से पेड़ों को बचाने उनका संरक्षण करने को प्रेरित किया जाता है वहीं दूसरी ओर एक झटके मे ही हजारों पेड़ों पर आरी चलाने का निर्णय लिया गया है जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली देहरादून मार्ग के लिये 2500 पेड़ों की बलि दे दी गई और अब जोलीग्रांट एयरपोर्ट विस्तारीकरण के नाम पर 10 हजार पेड़ों को काटने की तैयारी है जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है और इन पेड़ों मे अनेक तो बहुमूल्य पेड हैं यही नही इन पेड़ों के साथ सैकड़ों दुर्लभ जाति के वन्य जीवों को बेघर कर दिया जायेगा।इन पेड़ों का कटान तुरंत रोका जाये। प्रदेश के विकास के लिये बीसियों साल और बीसियों काम पड़े हैं जबतक वह पूरे नही हो जाते तब तक अन्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे का कोई महत्व भी नहीं है।